तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026



13 अगली बार तीन लेयर की सुरक्षा भी नहीं आएगी...





14 मानसून पूर्व हुई झमाझम बारिश, कई इलाके...






# प्री-मानसून बारिश ने खोली बिजली विभाग की पोल, रातभर चली आँखमिचौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मानसून की औपचारिक शुरुआत अभी भले ही नहीं हुई हो, लेकिन प्री-मानसून की पहली तेज बारिश ने ही बिजली विभाग की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। बीती रात हुई झमाझम बारिश के साथ शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई और रातभर बिजली की आंख-मिचौली चलती रही। हालात ऐसे रहे कि परेशान उपभोक्ता लगातार विभागीय संवाद वाट्सएप ग्रुप में बिजली बहाली की जानकारी मांगते रहे, लेकिन विभाग की ओर से कोई संतोषजनक अपडेट नहीं दिया गया।

■ उपभोक्ता मांगते रहे अपडेट, विभाग रहा खामोश

जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात हुई बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। कहीं फाल्ट तो कहीं तार टूटने की समस्या सामने आई। इसके कारण कई इलाकों में घंटों तक अंधेरा छाया रहा। उपभोक्ताओं ने विभाग द्वारा बनाए गए संवाद वाट्सएप ग्रुप में लगातार संदेश भेजकर स्थिति की जानकारी चाही, लेकिन अधिकारियों की ओर से जवाब नहीं मिलने पर लोगों की नाराजगी बढ़ती गई। एक उपभोक्ता ने तो यहां तक लिख दिया कि यदि समय पर सूचना ही नहीं मिलनी है तो ऐसे समूहों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। माहुरबंदपारा क्षेत्र में स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही। यहां एक फेज की बिजली सुबह करीब साढ़े तीन बजे से बंद रही। प्रभावित उपभोक्ता लगातार शिकायत शाखा से संपर्क करते रहे, लेकिन समस्या के समाधान में काफी समय लग गया। बाद में पता चला कि क्षेत्र में एक बिजली तार टूट गया था, जिसकी मरम्मत के लिए विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## स्टाफ की कमी से आपरेटरों को जाना पड़ा फील्ड पर, शिकायत कक्ष भी खाली

### आउटसोर्सिंग के भरोसे बिजली विभाग

स्थानीय लोगों के अनुसार जब तीन कर्मचारी सुधार कार्य के लिए माहुरबंदपारा पहुंचे तो उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं। इनमें केवल एक आईआईटी प्रशिक्षित कर्मचारी था, जबकि दूसरा शिकायत कक्ष में तैनात रहने वाला ऑपरेटर था, जिसे भी फील्ड में भेजना पड़ा। इससे स्पष्ट हो गया कि विभाग में स्टाफ की कमी कितनी गंभीर हो चुकी है। आमजनता का आक्रोश आउटसोर्सिंग कर्मचारी को भुगतना पड़ा। विभाग का लाईनमैन रात में कौन ड्यूटी में था, इसकी भी जानकारी अमले के पास नहीं थी।



### सरकार की छवि पर पड़ा रहा प्रभाव

शहरवासियों का कहना है कि बिजली आपूर्ति बाधित होना एक तकनीकी समस्या हो सकती है, लेकिन समय पर सूचना और पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था विभाग की जिम्मेदारी है। फिलहाल सवाल यह है कि बिजली विभाग की बिगड़ी व्यवस्था कब पटरी पर लौटेगी। इसका जवाब विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के पास है या फिर सरकार के पास, लेकिन इसका असर सीधे तौर पर आम जनता और सरकार की छवि पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में हुई घायल युवती की मौत

**कांकेर।** थाना कोरर क्षेत्र के मावलीपारा स्थित राइस मिल के पास हुए सड़क हादसे में घायल 19 वर्षीय रीना कुंजाम की इलाज के दौरान मौत हो गई। 21 मई 2026 को रीना मोटरसाइकिल से जा रही थी, तभी किशनपुरी की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में रीना गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 125(क) एवं 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।



### भावगीर नवागांव में पांच लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम भावगीर नवागांव में एक महिला के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब एवं बिक्री रकम 100 रुपये बरामद की है। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम 10 जून को महिला के घर में दबिश दी, जहां शराब बिक्री के लिा रखी गई थी। कार्रवाई के दौरान आरोपिया भावगीर नवागांव निवासी 40 वर्षीय यशोदा कोर्राम के कब्जे से कुल 600 रुपये मूल्य की शराब एवं नकदी जब्त की गई। आरोपिया के विरुद्ध धारा 34(1)(ख) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत बिजलीपारा चारामा निवासी मुजीब खान पिता अमजद खान को गंभीर चोट आने की वजह से 19 मई को मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए धमतरी के जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## दो साल से कायम समस्या पर नहीं लिया संज्ञान, आपरेशन पर लगा ग्रहण

# मेडिकल कॉलेज के आपरेशन थियेटर में टपक रहा पानी, संक्रमण का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मेडिकल कॉंलेज के आपरेशन थियेटर में दो साल से पानी टपक रहा, परंतु पानी टपकने की स्पीड अब ज्यादा बढ़ गई है और उसका परिणाम यह है कि संक्रमण के डर से आँपरेशन शुक्रवार 11 जून को जो होने थे, वो नहीं हो पाएं। मरीजों को आँपरेशन के लिए कांकेर जिले से बाहर भेजने की तैयारी शुरू कर दिया गया है। ऐसे में एनएमसी से शिकायत करने पर मेडिकल कॉंलेज की मान्यता भी खतरे में पड़ सकती है या पैनल्टी भी लगाया जा सकता है। इस पूरे मामले में मेडिकल कॉंलेज की अधिष्ठाता की लापरवाही नजर आ रही है।

■ मेडिकल कॉंलेज की अव्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदारों ने साधा मौन

जानकारी के अनुसार मेडिकल कॉंलेज के आँपरेशन थियेटर के ऊपर डायलिसिस सेंटर है और उसके पानी का रिसाव इतना होता है कि उसके नीचे आँपरेशन थियेटर में जगह-जगह पानी टपकता रहता है। हाल के दिनों में रिसाव की मात्रा और गति दोनों बढ़ गई हैं, जिससे ऑपरेशन थिएटर का वातावरण सुरक्षित नहीं रह गया है। ओटी के कर्मचारियों को टपक रहे पानी वाले स्थल पर टब रखना पड़ता है और बार-बार पोछा लगाना पड़ता है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि ऑपरेशन थिएटर में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता होती है।

ऐसे में छत से पानी टपकना मरीजों के लिए गंभीर संक्रमण का कारण बन सकता है। आँपरेशन थियेटर प्रभारी इस मामले में खुलकर मीडिया के सामने कुछ कहने को तैयार नहीं है, परंतु आँपरेशन थियेटर में जगह-जगह पानी टपकने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दो साल से दिया जा रहा है, परंतु इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई और न ही इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम उठाया गया। अब जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिखाई दे रही है, तब ऑपरेशन सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। स्वास्थ्य सुविधाओं के केंद्र माने जाने वाले मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन थिएटर जैसी संवेदनशील जगह पर पानी टपकने की घटना ने चिकित्सा व्यवस्था की तैयारियों और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।






### मरीजों पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

सर्जरी सेवाएं प्रभावित होने का सीधा असर जिले के मरीजों पर पड़ने वाला है। जिन मरीजों का ऑपरेशन कांकेर मेडिकल कॉलेज में होना था, उन्हें अब अन्य जिलों के अस्पतालों या उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ के साथ-साथ समय और असुविधा का भी सामना करना पड़ेगा।

### मान्यता पड़ सकती है खटाई में या लग सकता है जुर्माना

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस तरह की आधारभूत सुविधाओं में कमी और संक्रमण संबंधी जोखिम की जानकारी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग तक पहुंचती है, तो मेडिकल कॉलेज की मान्यता और गुणवत्ता मानकों पर भी प्रश्नचिह्न लग सकते हैं। ऐसी स्थिति में संस्थान को चेतावनी, दंडात्मक कार्रवाई अथवा अन्य प्रशासनिक परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। नियमों के मुताबिक, कॉलेज स्तर पर लापरवाही, फैकल्टी की कमी या ओटी बंद होने पर एनएमसी संस्थान पर 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी लगा सकता है।

### सीजीएमसी को लिखे कई पत्र

मेडिकल कॉंलेज की डीन डॉं. यास्मीन जे. खान का कहना है कि आपरेशन थियेटर में पानी के टपकने को सुधार करने के लिए सीजीएमएससी को कई पत्र लिखे गए है, परंतु उनके द्वारा सुधार नहीं किया गया है। अब हम लोग अस्थायी रूप से नए भवन में शिफ्ट करेंगे, उसके बाद आँपरेशन शुरू हो पाएगा, इसमें कितना समय लगेगा, इस पर उन्होने निर्धारित समय नहीं बताया।

## मोबाइल टॉवर से 72 बैटरियां पार कंपनी को 1.10 लाख की चपत

**कांकेर।** बड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निरौंडाडीह में स्थित जियो टॉवर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर टॉवर परिसर में लगे बैटरी केबिनेट के ताले तोड़कर 72 बैटरियां चोरी कर ले गए। घटना में टॉवर संचालन करने वाली कंपनी को लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




जानकारी के अनुसार जियो टॉवर के क्लस्टर इंचार्ज मनोज कुमार विद्यार्थी ने थाना बड़गांव में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 27 मई को दोपहर करीब 1 बजे निरौंडाडीह स्थित जियो टॉवर का नेटवर्क बार-बार अप-डाउन हो रहा था। नेटवर्क में लगातार आ रही तकनीकी समस्या के कारण उन्होंने टेक्नीशियन संदीप जाट के साथ मौके पर पहुंचकर टॉवर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दोनों उस समय हैरान रह गए जब टॉवर परिसर में लगे तीन बैटरी केबिनेट के ताले टूटे हुए मिले। केबिनेट के ताले जमीन पर पड़े थे और अंदर रखी सभी बैटरियां गायब थीं। विस्तृत जांच में पता चला कि तीनों केबिनेट से कुल 72 बैटरियां चोरी हो चुकी हैं। बैटरियों की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। बताया जा रहा है कि बैटरियां टॉवर के संचालन के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं और इनके चोरी होने से नेटवर्क सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। बड़ी संख्या में बैटरियां चोरी होने से यह भी माना जा रहा है। ▶▶|शेष पेज 12 पर

## सारवंडी में भाइयों में विवाद फिर मारपीट की तोड़फोड़, काउंटर केस फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सारवंडी गांव में पारिवारिक कलह ने हिंसक रूप ले लिया। बड़े और छोटे भाइयों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला करने, चोट पहुंचाने और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

चौकी दुधावा में शिकायत करने पहुंचे सारवंडी निवासी 39 वर्षीय राजेश कुमार नाग पिता शिवलाल नाग ने पुलिस को बताया कि अपने पत्नी व बच्चों के साथ अलग रहता हूं। बीते 9 जून को रात साढ़े 10 बजें खाना खाकर आराम कर रहा था। तभी मेरा छोटे भाई राकेश नाग घर के बाहर आकर मुझे गाली देने लगा। मेरी पत्नी महेश्वरी नाग के साथ घर से बाहर निकलकर पूछा, किस बात को लेकर गाली दे रहा है। आरोपी छोटे भाई मुझे और मेरी पत्नी ▶▶|शेष पेज 12 पर



■ घरेलू विवाद पर डंडे से एक दूसरे पर हमले का आरोप

### गाली गलौज की आवाज सुनी और छोटे भाई को फोन किया

वही दूसरे पक्ष से सारवंडी निवासी 31 वर्षीय राकेश नाग पिता शिवलाल नाग ने पुलिस को बताया कि अपने माता पिता व छोटे भाई राहुल के साथ रहता हूं। मेरे बड़ा भाई राजेश नाग अपने पत्नि और बच्चों के साथ अलग रहता है। मैं अपने खेत की ओर गया था और वहाँ से वापसी आ रहा था, तभी गाली गलौज का आवाज सुना और छोटे भाई को फोन किया। हमारे घर के बगल में मेरा छोटा भाई राहुल, राजेश के साथ मोबाईल से गाली गलौज कर रहे थे, तो मैं अपने छोटा भाई को फोन से पूछा तो बताया कि तुमको गाली दे रहा है। मैं अपने बड़े भाई राजेश को पूछा, उसने बोला राहुल को दे रहा और मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करने लगा। मेरे को मेरा बड़ा भाई हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट किया। मारपीट को सुनकर मेरा छोटा भाई राहुल बीच बचाव करने आया, तो उसके साथ भी बड़ा भाई और उसकी पत्नी ने हाथ मुक्का से मारपीट किए। उसी समय मेरी मां सुरूज बाई बीच बचाव करने आई तो मेरी मां के को भी गाली देते हुए मारपीट किया।

## शिक्षा सहायक संचालक पद पर सदेसिंह पदस्थ

**दुर्गुकोंदल।** स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवीन कन्या हाई स्कूल दुर्गुकोंदल के प्राचार्य एवं भानुप्रतापपुर विकासखंड के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे को सहायक संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पद पर पदस्थ किया गया है।



खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य के रूप में अपने कार्यकाल के सदेसिंह कोमरे ने दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा विभिन्न नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी कार्यकुशलता, प्रशासनिक दक्षता एवं शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए ▶▶|शेष पेज 12 पर

## वीडियो वायरल करने की दी धमकी व मांगे दो लाख, ब्लैकमेलर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला की आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपएं की मांग करने वाले आरोपी को बांदे पुलिस ने पखांजुर के होटल से दबोचा। पुलिस ने आरोपी कर्नाटक के बेलगाम जिला थाना काकती अंतर्गत सिंगदेवनगर सुलगा (ह.) निवासी महेश कलखांबकर पिता नारायण कलखांबकर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

■ आरोपी महेश ने गोवा यात्रा के दौरान खीची थी फोटो और बनाया था वीडियो



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला ने 5 जून को थाना बांदे में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी महेश कलखांबकर उसे एवं उसकी बहन को अप्रैल 2026 में गोवा घुमाने ले गया था। इस दौरान आरोपी ने महिला के निजी फोटो एवं वीडियो अपने पास सुरक्षित रख लिए थे। बाद में महिला के किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लेने की जानकारी मिलने पर आरोपी नाराज हो गया और लगातार प्रताड़ित करने लगा। आरोपी स्वयं को महिला का प्रेमी बताते हुए उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप कर रहा था तथा उसके पति एवं परिजनों को फोन कर अनर्गल बातें कहता था। आरोपी ने महिला के परिजनों के मोबाइल नंबरों पर उसके आपत्तिजनक फोटो एवं वीडियो भेजे तथा उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल करने की धमकी देकर 2 लाख की मांग की। आरोपी की हरकतों से महिला और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान हो गया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बांदे में अपराध क्रमांक 44/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(2), 79 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(ई) एवं 67(ए) के अंतर्गत मामला दर्ज ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां लेकर गांव-गांव पहुंचे विधायक आशाराम

# भाजपा ने जनसंपर्क में सुनी पूर्व सैनिकों एवं ग्रामीण की समस्याएं, दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा मंडल सरोना में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने सरोना, दुधावा, बासनवाही सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की और योजनाओं के जमीनी प्रभाव की जानकारी ली।

■ योजनाओं का लिया फीडबैक और लाभार्थियों से की मुलाकात

जनसंपर्क अभियान के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ में अपनी सेवाएं दे चुके पूर्व जवान जाल सिंह नाग से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पेंशन योजना के तहत मिल रहे लाभों की जानकारी ली तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि पेंशन योजनाएं सेवानिवृत्त कर्मियों और वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने देश के करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों का फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। बीते 12 वर्षों में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, वरिष्ठ नागरिकों तथा पूर्व सैनिकों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका लाभ करोड़ों लोगों को मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवंग्रामीण उपस्थित रहे।



### हितग्राहियों को लाभ पहुँचाना सरकार का उद्देश्य

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि केंद्र सरकार केवल योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

## शराब सहित बाइक किया जब्त तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जुआ-शराब विरोधी अभियान के तहत चारामा पुलिस ने अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिक्री के लिए ले जा रहे एक शराब कोचिया को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी शराब तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 यू 9945 में अवैध रूप से शराब रखकर दारू भट्टी से बाजारपारा की ओर जा रहा है। जानकारी के आधार पर पुलिस ने मामले की तस्दीक किया और दीनदयाल चौक के पास नाकाबंदी किया। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी अभियान चलाया गया। मोटर सायकल में सवार युवक ने पूछताछ में बताया कि मैं बाजारपारा चारामा निवासी 27 वर्षीय अमन छाटा हूँ। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद लाल-पीले रंग के थैले से 10 पौवा मसाला देशी मदिरा तथा 7 पौवा प्लेन देशी मदिरा बरामद हुई। इस तरह कुल ▶▶|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### नैनो उर्वरक से बढ़ी आय लागत में भी आई कमी

**कोण्डागांव।** कृषि विभाग की पहल से जिले में आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिल रहा है।



बड़ेराजपुर विकासखंड के किसान अशोक शार्दुल ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अशोक शार्दुल ने बताया कि पहले प्रति एकड़ दानेदार डीएपी पर लगभग 1,850 रुपए खर्च होते थे। अब नैनो डीएपी के उपयोग से यह खर्च घटकर करीब 1,200 रुपए रह गया है। नैनो उर्वरकों के उपयोग से जहां पहले प्रति एकड़ 20 से 25 क्विंटल उत्पादन मिलता था, वहीं अब 30 से 35 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त हो रहा है। नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के छिड़काव से पोषक तत्व सीधे पौधों तक पहुंचते हैं, जिससे पौधों की वृद्धि बेहतर होती है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। नैनो उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है तथा खेती अधिक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बन रही है। विभाग ने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने और आय बढ़ाने की अपील की है।

### धनौरा में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन



**धनोरा।** ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार अंतर्गत जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। राज्य शासन की मंशा अनुरूप चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत इसका आयोजन किया गया। ताकि ग्रामीणों व्यक्तिगत हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। शिविर में आवेदन प्राप्त हुए तथा सामग्री वितरण भी किया गया। शिविर के कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, पूर्व विधायक केशकालसेवक राम नेताम,जिला पंचायत सदस्य कपिलकांत नाग, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी पोटाई, जनपद सदस्य हीरमो कुंजाम, प्रेमराज बघेल, धनोरा उप सरपंच मंडल अध्यक्ष संतोष सिंहा, सरवन दीपक और श्रीराम यदु तथा अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए।

### दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर, दयानंद के चेहरे पर मुस्कान



**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा भेलवापदर वार्ड निवासी दयानंद शर्मा को व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस सहयोग से दयानंद शर्मा को दैनिक जीवन में आने–जाने और अन्य आवश्यक कायोंर् में काफी सुविधा मिलेगी। बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के तहत संस्था लगातार जनहित और जनसेवा से जुड़े कार्य कर रही है। दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में किया गया यह प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला है। जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और बाबा साहेब सेवा संस्था की यह पहल सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पंचू सागर, सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश शुक्ला, उपाध्यक्ष हितेंद्र श्रीवास, देवानंद चौरे, मुकेश मार्कंडेय, मनोज शर्मा, अनूप विश्वास सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## राज्य में सर्वाधिक वन अधिकार पट्टे बांटने वाले कोंडागांव में वन विभाग की कार्रवाई

# 100 एकड़ से अधिक वनभूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

वन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मुलमला रेंज के मालगांव, धुंसी और बुडरा क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ वनभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। वर्षों से घने जंगलों को काटकर यहां खेती की जा रही थी। वनभूमि पर मकान बनाकर स्थायी कब्जा किया जा चुका था। उल्लेखनीय है कि कोंडागांव जिला पूरे राज्य में सर्वाधिक वन अधिकार पट्टे वितरित करने के लिए जाना जाता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार ग्राम कुम्हारी पंचायत निवासी बजरंग नेताम तथा बड़े कनेरा पंचायत निवासी चौतन्य कश्यप सहित अन्य लोगों द्वारा वर्ष 2010 से लगातार वनभूमि पर कब्जा बढ़ाया जा रहा था। धीरे–धीरे जंगलों की कटाई कर सैकड़ों बहुमूल्य वृक्षों को समाप्त कर दिया गया। कई पेड़ों में गार्डलिंग कर उन्हें सुखाया गया, कुछ स्थानों पर आग लगाई गई। रसायनों का प्रयोग कर वृक्षों को धीरे–धीरे समाप्त किया जा रहा था। विशाल वन क्षेत्र को खेती योग्य भूमि में बदल दिया गया। वन अधिकारियों के अनुसार करोड़ों रुपये मूल्य की वन संपदा को नुकसान पहुंचाया गया। प्राकृतिक वन क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह बदल दिया गया था।







### लगातार नोटिस के बाद भी नहीं हटाया

*दक्षिण मंडल कोंडागांव के एसडीओ आशीष कोटलीवार ने बताया कि संबंधित अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी कर वनभूमि खाली करने के निर्देश दिए गए थे। विभाग द्वारा लगातार समझाइश और वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई, लेकिन कब्जाधारियों ने भूमि खाली नहीं की। जब सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी हो गईं, तब वन विभाग ने राजस्व और पुलिस विभाग के सहयोग से संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों के साथ महिला पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान अमले के लिए जंगल में ही भोजन बनाया गया।*

### सामान निकाला फिर चला बुलडोजर

प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान मानवीय संवेदनशीलता का भी परिचय दिया। वनभूमि पर बने मकानों को हटाने से पहले अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वयं घरों के भीतर रखा सामान बाहर निकलवाया ताकि किसी का निजी सामान क्षतिग्रस्त न हो। इसके बाद अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें जमींदोज किया गया और पूरी भूमि को वन विभाग के कब्जे में ले लिया गया।

### दोबारा रोपा जाएगा जंगल

*वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई 100 एकड़ भूमि पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। विभाग का लक्ष्य नष्ट हुए वन क्षेत्र को पुनर्जीवित करना और हरित आवरण को बढ़ाना है। वन अधिकारियों का कहना है कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र पुनः घने जंगल के रूप में विकसित किया जाएगा।*

## एक दिन पहले हुई दुर्घटना में फंसी गाड़ी के कारण बिगड़े हालात

# केशकाल घाट में 3 घंटे लगा मेगा जाम यात्री और ट्रक चालक होते रहे परेशान

*नेशनल हाईवे-30 केशकाल घाटी में गुरुवार सुबह से ही मेगा जाम की स्थिति बनी रही। घाटी से लेकर शहर तक करीब 2 से 3 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि बीते दिन बुधवार को एक गाड़ी से दुर्घटना हो गई थी, जिसके कारण जाम लग गया था। शाम और गुरुवार सुबह भी जाम कि स्थिति रही। कई घंटे के बाद केशकाल पुलिस ने यातायात बहाल किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

केशकाल घाटी का घुमावदार और संकरा रास्ता पहले से ही संवेदनशील माना जाता है। जाम और भारी वाहनों की अधिकता से यहां दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। ऐसे में बायपास का निर्माण सुरक्षा के लिहाज से भी बेहद जरूरी माना जा रहा है। रायपुर से बस्तर को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग रोजाना हजारों वाहनों का दबाव झेलता है।

भारी वाहन, ट्रक और बसों की लंबी कतारें केशकाल घाटी में आम दृश्य बन चुकी हैं। घंटों तक लगने वाले जाम से न सिर्फ यात्रियों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं।

### कई आपातकालीन सेवाएं भी होती हैं प्रभावित





### ओवरटेकिंग से बचे और धीरे चलें: पुलिस

*गौरतलब है कि, केशकाल पुलिस द्वारा घाटी क्षेत्र में लगातार चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। ओवरटेकिंग से बचने की अपील की जाती रही है, लेकिन वाहन चालक नियमों का पालन करते नजर नहीं आ रहे हैं। लापरवाही के चलते आए दिन घाटी में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। फिलहाल, केशकाल पुलिस मौके पर पहुंचकर वन-वे व्यवस्था लागू कर यातायात बहाल करने में सफल हुई। पुलिस द्वारा धीरे-धीरे वाहनों को निकाला गया, जिससे यातायात सामान्य हुआ। प्रशासन ने वाहन चालकों से घाटी मार्ग में सावधानी बरतने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने की अपील की है।*

### दशकभर से अधर में लटका 300 करोड़ का प्रोजेक्ट

*बायपास परियोजना कोई नई नहीं है। पिछले करीब 10 वर्षों से यह योजना अधूरी पड़ी हुई है। वर्ष 2016 में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने करीब 308.77 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण शुरू कराया था, जिसे अगस्त 2019 तक पूरा होना था। प्रशासनिक पेचों के कारण यह काम बीच में ही अटक गया। जब इस बायपास के लिए पहली बार टेंडर हुआ था तो मुंबई की वलेचा इंजीनियरिंग लिमिटेड कंपनी को इसका ठेका दिया गया था, लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी परियोजना अधूरी है। स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों से 15 जून 2025 को केंद्र सरकार ने इस बायपास को 4 लेन में अपग्रेड करने के लिए 307.96 करोड़ रुपए की नई स्वीकृति दी। लेकिन 5 महीने बीत जाने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है।*

### आर्थिक विकास पर भी पड़ रहा असर

*यह बायपास केवल ट्रैफिक समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास से भी जुड़ा हुआ है। इसके बनने से राजधानी रायपुर से बस्तर और दक्षिण भारत के लिए व्यापार, परिवहन और स्थानीय बाजारों को गति मिलनी थी। साथ ही भारी वाहनों को शहर से बाहर निकालकर शहरी सड़कों पर भीड़ और प्रदूषण कम करने का लक्ष्य भी अधूरा पड़ा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देते हुए तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।*

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष पूजा-अर्चना



**केशकाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र के निरंतर विकास की मंगलकामना को लेकर मूंगबाड़ी शीतला मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया। इस अवसर पर केशकाल विधानसभा के विधायक नीलकंठ टेकाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधायक श्री टेकाम ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन तथा देश की सुख-समृद्धि और निरंतर विकास की कामना की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ, ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ पदाधिकारियों सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### स्कूली विद्यार्थियों और कार्यकर्ता परिवारों का सम्मान

*कार्यक्रम में राष्ट्र की उन्नति और प्रगति के लिए प्रार्थना करने के साथ ही एक विशेष पहल की गई। परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान स्कूली विद्यार्थियों को एक पौधा एवं शॉल भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इसके साथ ही, भाजपा के उन सक्रिय कार्यकर्ताओं जिन्होंने विभिन्न पदों पर रहकर हमेशा अच्छा कार्य किया, उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके परिवारजनों को भी एक शॉल और एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।*

## बोरगांव लैम्प्स में खाद-बीज वितरण व्यवस्था का कलेक्टर ने लिया जायजा

**फरसगांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को विकासखंड अंतर्गत बोरगांव सहकारी समिति लैम्प्स का निरीक्षण कर खाद एवं बीज के भंडारण तथा वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा कर खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबंधक से खाद-बीज के वर्तमान भंडारण, ई-पॉस मशीन के माध्यम से किए जा रहे वितरण तथा स्टॉक पंजी की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को निर्धारित दरों पर समय पर खाद उपलब्ध कराने एवं वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को खाद एवं बीज प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने मूंग एवं ढैंचा बीज के वितरण को सुनिश्चित करने तथा किसानों को हरित खाद के उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि हरित खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान तहसीलदार जय कुमार नाग, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेन्द्र नेताम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## पॉलीटेक्निक प्रवेश काउंसलिंग 11 जून से

**धमतरी।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 11 जून से प्रारंभ की जा रही है। इसके अंतर्गत भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कुरूद में विभिन्न इंजीनियरिंग एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटें उपलब्ध हैं। प्राचार्य अमित मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1962 से संचालित भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए हैं।

## सुरक्षा के साए में आरटीआई कार्यकर्ता ने रखी अपनी बात

# शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में पांच और की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा के पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी है। जमानत अर्जी खारिज होते ही आरोपी एक बार फिर भूमिगत हो गए हैं। इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी की संभावना भी बढ़ गई है।

मगरलोड क्षेत्र में वर्ष 2007 में हुई शिक्षाकर्मी भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ है। इस मामले में मगरलोड थाने में रिपोर्ट पंजीबद्ध है। इसकी जांच जिला पुलिस धमतरी की एसआईटी टीम जांच कर रही है। इस मामले के शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने बताया कि यह मामला 19 वर्ष से जांच में लंबित हैं।



कृष्णकुमार साहू

करीब 105 नामजद आरोपी हैं। भर्ती हेतु गठित चयन कमेटी के तत्कालीन सदस्य भरतलाल साहू तथा संतोषी साहू का निधन हो चुका है। इसी प्रकार आरोपित शिक्षाकर्मी पुष्पजीत साहू, तारेन्द्र कुमार ध्रुव, कृष्ण कुमार साहू, छम्मन लाल साहू, गजेन्द्र घृतलहरे, देवचरण बघेल, अंजनी यदु, ऐमन ध्रुव, देवेन्द्र कुमार, महेश कुमार साहू, दिलीप कुमार साहू एवं अनीता पटेल, महेन्द्र साहू, राजू सहित 17 आरोपी का निधन हो चुका है। तत्कालीन चयन कमेटी के सदस्य श्याम साहू जनपद अध्यक्ष, नीलकंठ सिन्हा, शत्रुहन साहू एवं नारायण ध्रुव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नम्मूराम साहू, पंचायत निरीक्षक बुधराम निषाद, महिला बाल विकास अधिकारी एसके सोनी सहित लगभग 24 से अधिक शिक्षाकर्मी उच्च न्यायालय बिलासपुर से अग्रिम जमानत पर हैं।

## विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं: नूपुर

**फरसगांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने फरसगांव विकासखंड के विभिन्न निर्माणाधीन एवं शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का अवलोकन कर शेष कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचाड़ी एवं कोरगांव के भवनों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वहीं शासकीय महाविद्यालय फरसगांव में निर्माणाधीन लाइब्रेरी का निरीक्षण कर गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बोरगांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर बत्तख, सुअर, बकरी एवं मत्स्य पालन से संबंधित गतिविधियों का जायजा लिया।

## मानिटरिंग और शैक्षणिक गुणवत्ता में और सुधार का संकल्प

# शाला प्रवेश उत्सव से लेकर अपार आईडी और यू डाइस प्रविष्टि तक विभिन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव/केशकाल

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर जिले के सभी विकासखंड प्रभारियों एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। विकासखंड केशकाल में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास नायडू के नेतृत्व में किया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सी.एल. मंडावी, विकासखंड स्रोत समन्वयक बलराम नाग तथा सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों एवं विद्यालयों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। इनमें अपार आईडी निर्माण, एमबीयू, आधार सुधार, प्रोग्रेशन, शाला प्रवेश उत्सव, समर कैंप, सरस्वती साइकिल योजना, पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, यू–डाइस पोर्टल प्रविष्टि, वीएसके एप, शाला त्यागी एवं दिव्यांग बच्चों का सर्वे, आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा स्मार्ट क्लास एवं इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से उपचारात्मक शिक्षा जैसे विषय शामिल रहे।

- *शिक्षा विभाग के अफसर को समयसीमा में कार्य करने के निर्देश*
- *केशकाल विकासखंड में आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक*



### प्रोग्रेशन कार्य में मिली कमी, विद्यालयों को दिए गए निर्देश

समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखंड के कई हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी विद्यालयों एवं निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के प्रोग्रेशन संबंधी कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किए गए हैं। इस पर सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास नायडू ने संबंधित विद्यालयों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया जोर

*बैठक में सभी संकुल समन्वयकों एवं शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समय पर पहुंचे तथा सभी लंबित कायोंर् को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। साथ ही आगामी शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों को बेहतर ढंग से संपादित करने पर भी चर्चा की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने विद्यालय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया।*

## पेज 11 के शेष

### मोबाइल टॉवर से ...

कि आरोपियों ने घटना से पहले रेकी की होगी। शिकायत मिलने के बाद बड़गांव पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के गांवों और कबाड़ी कारोबार से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने और आरोपियों तक पहुंचने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है।

### वीडियो वायरल करने ....

कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी पखांजुर क्षेत्र के एक होटल में ठहरा हुआ है। बांदे पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ एवं पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को 10 जून को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पूरी कार्रवाई में निरीक्षक रामचन्द्र साहू, पीएसआई विवेक वर्मा, सहायक उपनिरीक्षक देवनारायण बंजारे, प्रधान आरक्षक सूर्यदेव कुंजाम एवं थाना बांदे के पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

### शराब सहित बाइक ...

17 पौवा शराब की मात्रा 3.060 बल्क लीटर पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 हजार 560 रुपये बताई गई है। पुलिस ने बरामद शराब के साथ घटना में प्रयुक्त ग्लैमर मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत कार्रवाई की गई।

### शिक्षा सहायक संचालक ...

यह पदस्थापना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की स्वाभाविक पहचान मानी जा रही है। पहली बार किसी अधिकारी की इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति होने से यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बन गई है। सभी ने विश्वास जताया है कि अपनी नई जिम्मेदारी में भी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास में अपना योगदान देंगे।

### सारवंडी भाइयों में ...

को गालियां देने लगा। गाली देने से मना किया तब छोटे भाई राकेश नाग के साथ मेरा छोटा भाई राहुल ने मुझे धक्का मुक्की कर मुझे मारपीट किया। घर के अंदर तोड़फोड़ किया और मेरी पत्नी ने बीच बचाव किया तो राहुल नाग, राकेश नाग, मेरी मां सुरूज बाई नाग ने मिलकर मुझे और मेरी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का और लकड़ी के डण्डा से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दांहिने हाथ के कलाई, पीट व दोनो पैर में चोट आने से दर्द हो रहा है, खुन आया है। मेरे पत्नी के सिर, पीट, गला, हाथ चेहरा में दर्द हो रहा है। घर का होम थियेटर, आईना, बिजली बोर्ड को तोड़फोड़ किए है, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार नाग, राहुल नाग और सुरूज बाई नाग के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार नाग और महेश्वरी नाग के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी करना अनिवार्य

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पंजीकृत श्रमिक एवं श्रमिक परिवार के सदस्यों को प्राप्त करने हेतु पंजीकृत श्रमिक का ई-केवाईसी किया जाना अनिवार्य है। पंजीकृत श्रमिक के ई-केवाईसी पूर्ण उपरांत ही श्रमिक एवं श्रमिक परिवार के सदस्य मण्डल की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकता है। जिन श्रमिकों का ई-केवाईसी पूर्ण नही होगा वह मण्डल की योजनाओं का लाभ नही ले सकते। कार्यालय श्रम पदाधिकारी दंतेवाड़ा जिलादंतेवाड़ा छग की ओर से पंजीकृत श्रमिकों से निवेदन हैं कि जल्द से जल्द अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ई-केवाईसी पूर्ण कराये। ई-केवाईसी उपरांत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बिना किसी रूकावट या बाधा के प्राप्त होगा। ई-केवाईसी हेतु प्रति केवाईसी निर्धारित शुल्क 20 देय होगा।

### बिहान योजना से आत्मनिर्भर बनीं मनिता कुंवर



**बीजापुर।** विकासखंड मुख्यालय भैरमगढ़ से 15 किलोमीटर दूर नियद नेल्लानार ग्राम पंचायत बांगोली के आश्रित ग्राम सतवा में आजीविका के नए अवसरों ने ग्रामीणों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाया है। पहले ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदने के लिए इंद्रावती नदी पार कर भैरमगढ़ या गीदम जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। नक्सल प्रभाव से मुक्त होने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के तहत जनपद पंचायत भैरमगढ़ द्वारा ग्राम सतवा में उसमुरिया स्व-सहायता समूह का गठन किया गया। समूह की महिलाओं को नियमित रूप से पंचसूत्र का पालन कराते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### अगली बार तीन लेयर की सुरक्षा भी नहीं आएगी काम: मनीष

# दंतेवाड़ा में गरजा जनआंदोलन, डिपॉजिट-13 प्रोजेक्ट के विरोध में उमड़ा ग्रामीणों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बैलाडीला क्षेत्र में प्रस्तावित डिपॉजिट-13 खनन परियोजना एवं आरती स्पोंज एंड पावर लिमिटेड के खिलाफ बस्तरिया राज मोर्चा द्वारा निकाली जा रही पदयात्रा गुरुवार को दंतेवाड़ा पहुंची। जल, जंगल और जमीन की रक्षा की मांग को लेकर निकाली गई इस पदयात्रा में हजारों ग्रामीण शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी ने आंदोलन को मजबूती प्रदान की।

■ बस्तरिया राज मोर्चा का शक्ति प्रदर्शन, गूंजे जल, जंगल और जमीन बचाओ के नारे



सुबह लगभग 10 बजे गामावाड़ा से बस्तरिया राज मोर्चा के नेतृत्व में पदयात्रा शुरू हुई। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए ग्रामीण पूरे रास्ते जल, जंगल, जमीन बचाओ और खनन परियोजना वापस लो जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े। दोपहर करीब 3 बजे पदयात्रा कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। कलेक्ट्रेट परिसर को तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया था। पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर तैनात रहे और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी। कलेक्ट्रेट के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर से सीधे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने की मांग की। प्रशासन की ओर से एसडीएम और तहसीलदार सहित अधिकारियों की टीम ज्ञापन लेने के लिए मौजूद थी, लेकिन बस्तरिया राज मोर्चा के सदस्य कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट के सामने मुख्य मार्ग पर लगभग डेढ़ घंटे तक चक्का जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित रहा। काफी समझाइश और बातचीत के बाद प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मूल रूप से आंदोलनकारियों की सभा दुर्गा पंडाल में आयोजित होनी थी, लेकिन ज्ञापन सौंपने के बाद बस्तरिया राज मोर्चा के नेता मनीष कुंजाम ने पिकअप वाहन पर चढ़कर सड़क पर ही ग्रामीणों को संबोधित किया और आंदोलन को आगे भी जारी रखने का ऐलान किया।

उन्होंने प्रशासन पर ग्रामीणों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने आए हैं, लेकिन यदि प्रशासन और सरकार हमारी मांगों पर कार्रवाई नहीं करती है तो आने वाले समय में आंदोलन उग्र होगा। अगली बार यह तीन लेयर की सुरक्षा भी कुछ काम नहीं आएगी। जनता अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार है। इस दौरान बस्तरिया राज मोर्चा की वरिष्ठ सदस्य विमला सोरी ने कहा कि बैलाडीला क्षेत्र के जंगल, जमीन और प्राकृतिक संसाधन आदिवासी समाज की पहचान और जीवन का आधार हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीणों की सहमति के बिना खनन परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसका बस्तर की संस्कृति और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, हम अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। जब तक प्रस्तावित परियोजना वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और आंदोलनकारी मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

#### महिलाओं की बड़ी भागीदारी बनी आंदोलन की ताकत

पदयात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया और पूरे रास्ते जल, जंगल और जमीन बचाने के नारे लगाए। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह लड़ाई केवल एक परियोजना के खिलाफ नहीं बल्कि बस्तर की पहचान और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने की लड़ाई है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## हवा व तूफान ने वनांचल के गांवों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

मानसून सत्र के करीब हवा तुफान ने कोंटा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में नुकसान पहुंचाया है। बुधवार शाम चले तेज हवा तुफान ने कई गरीब आदिवासियों के छत वनांचल क्षेत्र में उड़ाये हैं। वहीं कई मकानों पर पेड़ गिरने से भी ग्रामीणों को नुकसान हुआ है। हमारे संवाददाता के ग्रामीण के सूचना पर कोंटा विकासखंड के भेज्जी क्षेत्र का दौरा किया। जो कि कोंटा मुख्यालय से तकरीबन तीस किलोमीटर तक की थी। इस दौरान कोत्ताचेरू के सीआरपीएफ कैंप को हवा-तुफान ने नुकसान पहुंचाए दृश्य को देखा गया, जहां जवान अपने उजड़े ठिकाने को बनाते हुए नजर आए। हालांकि तेज चले हवा-तुफान ने किसी के जान का नुकसान नही पहुंचाया। लेकिन ग्रामीणों के कच्चे मकानों तथा ग्रामीण क्षेत्र में बन रहे प्रधानमंत्री आवास को काफी नुकसान हुआ हैं। गगनपल्ली पंचायत कुरतीपारा गांव में मड़कम मुन्ना पिता स्व. भीमा वेटटी मुका पिता ओमा वेटटी जोगा पिता जोगा मड़कम पोज्जे पिता नंदा सहित अनेक पर परिवारों अपने आशियाने को संवारते नजर आए।

■ कुरतीपारा में गरीबों के उड़े छत, मकानों के ऊपर गिरे पेड़





## गांव-गांव पहुंचकर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाई जाए शासन की योजनाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने गुरुवार को कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम पंचायत जबेली में आयोजित बस्तर मुन्ने अभियान शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप चिन्हित 31 हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करते हुए कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने तथा विभिन्न योजनाओं से पात्र लोगों को जोड़ने पर विशेष बल दिया।

## गैरेज से मिल रही नियमित आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जनपद पंचायत उसूर अंतर्गत ग्राम चिलकापल्ली के शिक्षित युवक अमर मड़काम ने अनुसूचित जनजाति स्मॉल बिजनेस योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। योजना के माध्यम से प्राप्त सहायता से उन्होंने बाइक गैरेज व्यवसाय शुरू कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। अमर मड़काम ने बताया कि उन्हें जनपद पंचायत उसूर के माध्यम से योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने जिला स्तरीय समिति के समक्ष बाइक गैरेज स्थापित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। व्यवसाय शुरू होने से पहले रोजगार के अभाव में उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। योजना के तहत सहायता मिलने के बाद उन्होंने अपने गांव में बाइक गैरेज की स्थापना की और वर्तमान में सफलतापूर्वक उसका संचालन कर रहे हैं। गैरेज से उन्हें प्रतिमाह लगभग 15 हजार रुपये की आय प्राप्त होती है। दुकान के संचालन खर्च और ऋण की निर्धारित मासिक किश्त जमा करने के बाद भी उन्हें लगभग 7 हजार रुपये की शुद्ध आय हो जाती है, जिससे परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिल रही है। अमर मड़काम ने कहा कि इस योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है और उन्हें स्वरोजगार का बेहतर अवसर प्रदान किया है।

## किसानों को डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को डीजल की उपलब्धता में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने आज कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। संतोष गुप्ता ने बताया कि बुआई का कार्य शुरू हो चुका है और ट्रैक्टर, पंप सेट सहित अन्य कृषि कार्यों के लिए डीजल की मांग बढ़ गई है। कई बार पेट्रोल पंपों पर स्टॉक की कमी या आपूर्ति में देरी से किसानों को दिक्कत होती है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर डीजल का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आपूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रशासनिक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं, ताकि कहीं भी कमी की स्थिति में तत्काल समाधान हो सके। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि प्रशासन किसानों की सुविधा के प्रति गंभीर है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को सभी पेट्रोल पंपों का स्टॉक रोजाना जांचने और ऑयल कंपनियों से समन्वय कर निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। खेती के समय डीजल के लिए उन्हें भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित करना हम सबकी प्राथमिकता है।

## दूरस्थ ग्राम बर्रेम व रेवली में कलेक्टर ने पीडीएस व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने अपने ग्रामीण भ्रमण के दौरान दूरस्थ ग्राम बर्रेम एवं रेवली में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन भंडारण, वितरण व्यवस्था तथा हितग्राहियों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर ने पीडीएस दुकान में उपस्थित रेवली एवं बर्रेम के ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए पूछा कि उन्हें निर्धारित मात्रा में राशन समय पर प्राप्त हो रहा है या नहीं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राशन वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने की संभावना रहती है। इसे देखते हुए रेवली एवं बर्रेम के लगभग 350 राशन कार्डधारी परिवारों के लिए चार माह का अग्रिम राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा ऋतु के दौरान ग्रामीणों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को राशन भंडारण, वितरण और निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से मिलना चाहिए।

## प्रशासन ने रुकवाई दो नाबालिगों की शादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता एवं निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत मूचनार के पारा मूचनार कोडनार में प्रस्तावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम स्तरीय टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नाबालिग बालक-बालिका का विवाह रुकवाया गया।

■ बाल विवाह नहीं कराने संबंधी सहमति पत्र पर किए हस्ताक्षर

जानकारी के अनुसार बालिका की आयु 16 वर्ष तथा बालक की आयु 17 वर्ष पाई गई, जो कि विधि अनुसार विवाह के लिए निर्धारित आयु से कम है। टीम द्वारा दोनों पक्षों के परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के संबंध में विस्तार से समझाइश दी गई। समझाइश के पश्चात दोनों परिवारों ने बाल विवाह नहीं कराने की सहमति व्यक्त की तथा इस संबंध में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने परिजनों से बच्चों की शिक्षा एवं समुचित विकास पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

इस दौरान परियोजना अधिकारी नरेश कुमार भोई, सेक्टर सुपरवाइजर सुश्री ऋषिका नेताम, ग्राम सरपंच, पंच, सचिव, चाइल्ड हेल्पलाइन से गोपीचंद एवं सुश्री भागेश्वरी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह की किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन को दें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी का 4399 दिन का कार्यकाल बना मील का पत्थर

**दंतेवाड़ा।** विधायक चैतराम अटामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई देते कहा है कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के विश्वास, विकास व वैश्विक नेतृत्व के 12 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। मोदी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की विजय है। 1984 में जब भाजपा केवल दो सीटों पर सिमट गई, तब विरोधियों ने उपहास किया, लेकिन हम कार्यकर्ताओं का विश्वास अडिग था। हमें भरोसा था कि यह संघर्ष एक दिन राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनेगा और फिर वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 282 सीटों के ऐतिहासिक जनादेश ने उस विश्वास को साकार कर दिया। 26 मई 2014 को जब मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब स्पष्ट हो गया था कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्कि राष्ट्र के विचार का परिवर्तन है। यह राजनीति को सत्ता से सेवा की ओर ले जाने का संकल्प था। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुँचे मोदी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं।

## समर कैम्प में नई विधाएं और कौशल सीख रहे बच्चे

**बचेली।** नगर के पीएम श्री सरस्वती प्राथमिक स्कूल बचेली में बच्चों के हुनर को निखारने और उनके चहुंमुखी विकास के लिए 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 2 जून से शुरू हुआ यह समर कैंप 12 जून तक चलेगा। कैंप को लेकर स्कूली बच्चों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, जहाँ वे प्रतिदिन बेहद रुचि के साथ नई-नई विधाएँ और कौशल सीख रहे हैं।



इस समर कैंप के दौरान बच्चों को केवल किताबी ज्ञान से इतर उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए विभिन्न सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप में चित्रकला और हस्तकला के माध्यम से बच्चे अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर रहे हैं। बच्चों को स्वस्थ और एकाग्र रहने के लिए नियमित रूप से योग अभ्यास और खेलकूद (जैसे कैरम व अन्य खेल) सिखाया जा रहा है। संगीत और नृत्य के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा कहानी वाचन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज, भाषा कौशल और टीम बिल्डिंग गेम्स जैसी गतिविधियों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया जा रहा है। बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ विज्ञान के सरल प्रयोगों के जरिए उनकी तार्किक क्षमता को विकसित किया जा रहा है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक सरकार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा गर्मी की छुट्टियों का सही सद्उपयोग करने और बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से इस 10 दिवसीय कैंप की रूपरेखा तैयार की गई है। आज के दौर में बच्चों का केवल पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में आगे रहना जरूरी है।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पखांजूर के युवक की ओडिशा में संदिग्ध मौत पर हत्या की आशंका

## परिजनों ने पखांजूर में सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

पीवी-8 चाणक्यपुरी निवासी एक युवक की ओडिशा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने घटना को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए इसे सुनियोजित हत्या का मामला बताया है। मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पखांजुर पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार पीवी 8 चाणक्यपुरी निवासी अनिल बछाड़ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी काम के सिलसिले में ओडिशा गया हुआ था। इसी दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि अनिल आत्महत्या जैसा कदम उठाने वाला व्यक्ति नहीं था और उसकी मृत्यु के पीछे किसी गहरी साजिश की आशंका है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जो घटना को संदिग्ध बनाते हैं। उनका कहना है कि मौत से पहले अनिल के साथ चार युवकों द्वारा मारपीट की गई थी। इतना ही नहीं, मृतक ने अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अपने एक साथी को यह भी बताया था कि उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इन तथ्यों के आधार पर परिजन और ग्रामीण घटना को हत्या का मामला मान रहे हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों और परिजनों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जाए। यदि जांच में हत्या की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



### लोगों का आक्रोश

ग्रामीणों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए ओडिशा प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार के तथ्य दब न सकें और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। फिलहाल इस घटना को लेकर क्षेत्र में लोगों में आक्रोश व्याप्त है और सभी की निगाहें जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। परिजनों का कहना है कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होगी, तब तक उन्हें अपने बेटे की मौत के पीछे की सच्चाई का पता नहीं चल पाएगा।

## खबर संक्षेप

### डूबने से मासूम की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत गोटीटोला मधुबनपारा कि चार वर्षीय शिवम टांडिया पिता रोहिदाय का पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक 10 जून को पानी में डूब गया, जिसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पॉलिटेक्निक कॉलेजों में ऑनलाइन काउंसिलिंग

**कांकेर।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय ने सत्र 2026-27 के लिए पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रथम चरण 11 जून से शुरू हो गया है, जबकि द्वितीय एवं तृतीय चरण क्रमशः 26 जून और 11 जुलाई से प्रारंभ होंगे। शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में सिविल, मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की 30-30 सीटें उपलब्ध हैं। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### परिवहन विवाद पर दि आंदोलन की चेतावनी

**भानुप्रतापपुर।** गोदावरी माइंस में डस्ट धंसने की घटना के बाद अवैध परिवहन और डंपिंग के आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। शिवसेना के प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। आरोप है कि बिना रॉयल्टी और ट्रांजिट पास के डस्ट मटेरियल का परिवहन किया जा रहा है। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

### युवाओं को इजराइल में रोजगार के अवसर

**कांकेर।** जिले के पात्रताधारी बेरोजगार युवाओं को इजराइल में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय कांकेर द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि नेशनल स्कील डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशल के अंतर्गत भारत-इजराइल फ्रेमवर्क एग्रीमेंट किया गया है, जिसके तहत इजराइल में होम बेस्ट केयर गिवर के लिए रोजगार के अवसर छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

### हिरलाभाटा में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए मांगे गए आवेदन

**जगदलपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर द्वारा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 में निहित प्रावधानों के तहत विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के ग्राम हिरलाभाटा में शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों, ग्राम पंचायतों, स्थानीय नगरीय निकायों, वन सुरक्षा समितियों, तीन माह पूर्व पंजीकृत महिला स्व सहायता समूहों से 24 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

### ओबीसी महासभा का सरकार को ज्ञापन

**जगदलपुर।** ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम के नेतृत्व में साध्वी निरंजन ज्योति अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को दो ज्ञापन सौंपा गया। अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक अधिकारों के संरक्षण ओर संवर्धन हेतु दस सूत्रीय मांग का उल्लेख है। वहीं छत्तीसगढ़ की कई पिछड़ी जातियों एवं उपजातियों को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की मांग उठाई गई।मांगों में ओबीसी को पूर्ण संवैधानिक दर्जा प्रदान किया जाए, लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को अविलंब लागू किया जाए, बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती की जाए, सभी राज्यों में ओबीसी आरक्षण की समान व्यवस्था लागू की जाए, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के समान ओबीसी विद्यार्थियों को लाभ दिया जाए, प्रचलित आरक्षण के बराबर प्रावधान किया जाए, ओबीसी सुरक्षा कानून बनाया जाए।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुख्य द्वार और सीएसपीडीसीएल आफिस के पास भरा पानी

# मानसून पूर्व हुई झमाझम बारिश, कई इलाके लबालब, निकासी सिस्टम फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्री-मानसून की पहली तेज बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं शहर की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति भी उजागर कर दी। बीती रात हुई झमाझम बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई महत्वपूर्ण स्थानों पर लोगों को घंटों तक असुविधा झेलनी पड़ी।

बारिश के बाद सबसे अधिक समस्या मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास देखने को मिली। अस्पताल प्रवेश करने वाले गेट के आसपास के हिस्सों में पानी भर जाने से मरीजों, उनके परिजनों तथा अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी सावधानी के साथ आवाजाही करनी पड़ी। अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थान के मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति ने नगर की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी प्रकार शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल घड़ी चौक में भी जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। यहां स्थित यात्री प्रतीक्षालय के आसपास बारिश का पानी जमा हो जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पानी भरने के कारण लोगों को बस का इंतजार सड़क किनारे खड़े होकर करना पड़ा। सीएसपीडीसीएल के 33 केव्ही कार्यालय के पास भी पानी भरा हुआ नजर आया। पहली बारिश में यह हाल है, तो आने वाले समय में दिक्कत उठानी पड़ेगी। संबंधित विभाग को अभी से इस समस्या के निदान के लिए स्थायी हल निकालने की जरूरत है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान शहर के कुछ स्थानों पर जलभराव की समस्या सामने आती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, बावजूद इसके स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि प्री-मानसून की एक रात की बारिश में यदि यह स्थिति बन रही है, तो आगामी दिनों में मानसून के सक्रिय होने पर शहर में जलभराव की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ सकती हैं।

### जल निकासी व्यवस्था को ठीक करने की उठी माँग

नगरवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि बारिश के मौसम को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों की विशेष निगरानी की जाए। फिलहाल प्री-मानसून की पहली बारिश ने यह संकेत जरूर दे दिया है कि यदि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में शहरवासियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

# बकाया मजदूरी मांगने पर युवक पर पत्थर से हमला, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



- तीन हजार रुपए मांगना पड़ा महंगा

मेहनत की कमाई मांगना एक युवक को उस समय महंगा पड़ गया, जब बकाया मजदूरी की राशि मांगने पर उसे गाली-गलौज, धमकी और मारपीट का सामना करना पड़ा। आरोप है कि पैसे देने से इनकार करने के बाद आरोपी ने युवक पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। मामले में पखांजुर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी 32 रामकृष्णपुर निवासी 29 वर्षीय सुबल सरदार ट्रैक्टर चालक के रूप में कार्य करता है। उसने बताया कि 9 जून को उसने गांव के ही रविन हाजरा के खेत में ट्रैक्टर से खेती का कार्य किया था। इस कार्य के एवज में उसे 3 हजार रुपये मजदूरी मिलनी थी, लेकिन निर्धारित समय तक भुगतान नहीं किया गया। शिकायत के अनुसार 11 जून की सुबह करीब 11 बजे सुबल सरदार अपनी बकाया मजदूरी लेने के लिए आवासपारा पखांजुर स्थित गजेन्द्र कलार के खेत पहुंचा, जहां रविन हाजरा मौजूद था। सुबल ने जब अपनी मजदूरी की राशि मांगी तो आरोपी ने पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान रविन हाजरा ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। विवाद बढ़ने पर मामला हिंसक रूप ले लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने पत्थर फेंककर उस पर हमला किया और उसके सिर व गाल पर थप्पड़ मारकर मारपीट की। इस घटना में सुबल सरदार के सिर, कमर और गाल में चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने थाना पखांजुर पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी रविन हाजरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है और पुलिस घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

# हितग्राहियों से 30 तक ई-केवायसी अनिवार्यतः पूर्ण कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन के द्वारा समस्त हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत लाभान्वित समस्त महिलाओं का ई-केवायसी कराया जाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 1.80 लाख महिलाओं को प्रतिमाह लाभान्वित किया जा रहा है। इनमें से लगभग 1.72 लाख महिलाओं का ई-केवायसी पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार कांकेर जिले में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित शेष लगभग 8 हजार हितग्राहियों का ई-केवायसी कराया जाना है। इन महिलाओं के नाम व सूची संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के महतारी वंदन एप के लॉगिन आईडी में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि केवल इन्हीं महिलाओं का ई-केवायसी निकट के कॉमन सर्विस सेंटर या संबंधित ग्राम पंचायत में वीएलई के द्वारा निःशुल्क कराया जा सकता है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून 2026 है।

हितग्राही द्वारा निर्धारित समयावधि में ई-केवाईसी नहीं कराए जाने की स्थिति में अगले माह से उनके महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त होने में असुविधा होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित ऐसी समस्त महिलाएं जिनका ई-केवायसी करना शेष है, से अपील की है कि केवल वे महिलाएं ही आवश्यक अभिलेखों यथा अद्यतन आधार कार्ड की मूलप्रति एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से महतारी वंदन योजना का हितग्राही पंजीयन क्रमांक लेकर निकट के कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में उपस्थित होकर अपना ई-केवायसी 30 जून के पूर्व पूर्ण कराए ताकि उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत निरन्तर लाभान्वित किया जा सके।

# घटिया भवन निर्माण पर ठेकेदार देगा ढाई लाख रुपए मुआवजा



**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में भवन निर्माता ठेकेदार द्वारा आवेदक को गुणवत्ता विहीन कार्य हेतु क्षतिपूर्ति राशि 2.5 लाख रुपए, शेष अपूर्ण कार्य पूर्ण करने और मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति अदा करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी तृप्ति खत्री ने अपने नए मकान के निर्माण हेतु अजीत गिरी कंस्ट्रक्शन जगदलपुर जो भवन निर्माण का कार्य करता है से संपर्क किया था। इसके पश्चात उभय पक्षों के मध्य 1200 वर्गफीट भूमि पर 1270 रुपए की दर से भवन निर्माण किए जाने का अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया था। निर्धारित समय अवधि में मकान निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण ठेकेदार को भवन निर्माण हेतु अतिरिक्त समय भी प्रदान किया गया था। पश्चात भवन के निर्माण का कार्य पूर्ण न होने पर आवेदक द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गयी थी, जिस पर भी ठेकेदार द्वारा भवन निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका था।

# तुलसी मानस प्रतिष्ठान का शपथग्रहण समारोह 15 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

जिला तुलसी मानस प्रतिष्ठान कांकेर के नवनियुक्त पदाधिकारियों के आगामी 15 जून को आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर ब्लॉक तुलसी मानस प्रतिष्ठान दुर्गुकोंदल इकाई की एक आवश्यक बैठक ग्राम झिटकाटोला स्थित लयोर महादेव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष युवराज पटेल ने की।

बैठक में शपथ ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला तुलसी मानस प्रतिष्ठान कांकेर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दुर्गुकोंदल एवं कांकेर ब्लॉक के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा मानस प्रेमियों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा जनसहभागिता बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक में सभी सम्माननीय गुरुजनों, मानस प्रेमी संतों, पदाधिकारियों, युवा साथियों एवं मातृशक्ति से शपथ ग्रहण समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन संगठन की मजबूती, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष भगवानी राम सिन्हा, उपाध्यक्ष शंकरदास नागवंशी, समन्वयक यशवंत तिवारी, कोषाध्यक्ष संतराम चुरेंद्र, कार्यकारिणी सदस्य बुधवार सिंह ठाकुर, ललित हिड़को, नरेश दीवान, जगदीश बघेल, राकेश जैन, विकास राजू नायक शामिल रहे।

# नए शिक्षा सत्र की तैयारी बैठक में प्रवेशोत्सव और नामांकन पर की चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** नए शिक्षा सत्र 2026-27 के शुभारंभ से पूर्व विद्यालयों में आवश्यक तैयारियों और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर मां बंजारी अंतर्संकुल समूह के अंतर्गत आने वाले नौ संकुल केंद्रों के संस्था प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक बीआरसी सभाकक्ष दुर्गुकोंदल में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय खुलने से पहले की व्यवस्थाओं, शाला प्रवेश उत्सव, शत-प्रतिशत नामांकन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी एवं खंड स्रोत समन्वयक लतीप सोम ने निर्देश दिए कि विद्यालय खुलने के प्रथम दिवस से ही नियमित अध्यापन कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, एनएमएमएस एवं प्रयास आवासीय विद्यालय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सत्र की शुरुआत से ही कराने पर बल दिया गया। बैठक में विद्यार्थियों की कॉपियों का नियमित संधारण, गृहकार्य एवं कक्षाकार्य की जांच, पठन-लेखन और गणितीय दक्षता के विकास के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। शाला प्रवेश उत्सव को उत्साहपूर्ण ढंग से आयोजित करने, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्रथम दिवस पर गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण करने की रूपरेखा भी तय की गई। इसके अलावा विद्यालयों की साफ-सफाई, विद्युत मरम्मत, रसोईघर की स्वच्छता, किचन गार्डन विकास, अंगना में शिक्षा कार्यक्रम तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी संस्था प्रमुखों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।



## भारत सरकार के कृषि मंत्रालय का खेत बचाओ अभियान जारी

# भैंसाकान्हर डू में किसानों को खेत संवारने एवं उपज बढ़ाने की दी तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

खेत बचाव जागरूकता अभियान के तहत कृषि को टिकाऊ बनाने खराब हो रही मिट्टी के उर्वरता क्षमता को वापस लाने के लिए और फसल उत्पादन को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा खेत बचाओ अभियान की शुरुआत पूरे देश में की गई है। इसी अभियान के तहत भानुप्रतापपुर विकासखंड के गांव भैंसाकान्हर डू में भी मुख्य चौक स्थित पीपल पेड़ के नीचे किसानों को खेत बचाने की तकनीकी जानकारी दी गई। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची ने किसानों को मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु की खेती में भूमिका के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



आयोजित अभियान के तहत किसानों को बताया गया कि हमारी 1 ग्राम स्वस्थ मिट्टी में 10 करोड़ से अधिक खेती के लिए लाभकारी किसानों के मित्र सूक्ष्म जीवाणु बैक्टेरिया फंगस शैवाल मौजूद होते है जो प्राकृतिक खाद उर्वरक का निर्माण करते है और पौधों के लिए सुपाच्य रूप में पोषक तत्वों को पौधे के जड़ो तक पहुंचाने का कार्य करते है। ये जीवाणु फसल अवशेष पैरा पत्तियां को सड़ाकर खाद बनाते है। नाइट्रोजन और अन्य पोषक तत्वों को प्राकृतिक रूप से मिट्टी में स्थिर करते है और फसलों को बीमारियों से बचाते है। जीवाणु मिट्टी की सरंचना को सुधार करते है मिट्टी के कणों को आपस मे बांधकर भुरभुरा बनाते है, जिससे जड़ो तक हवा ऑक्सीजन पानी सही तरीके से पहुंचता है ऐसे में फसल कटाई के बाद अवशेषों को जलाने से किसान के मित्र जीव भी नष्ट हो जाते है, जिसका गंभीर परिणाम हमारे मिट्टी के सेहत और फसल उत्पादन पर पड़ता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी किरण भंडारी ने किसानों कहा किसान भाई हमेशा रासायनिक खाद का संतुलित मात्रा में ही उपयोग करे तथा यूरिया की पूर्ति के लिए धान बुवाई के 35 से 40 दिन पहले हरीखाद के रूप में ढेंचा मूंग लगाए और खेत मे मचाई करे, हरीखाद से प्रति हेक्टेयर 80 से 100 किग्रा यूरिया की पूर्ति की जा सकती है। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म जीवाणु से बने जैविक लिक्विड पीएसबी जेडएसबी राइजोबियम कल्चर ट्राइकोडर्मा वीडी का उपयोग करे।

ये जैविक लिक्विड मिट्टी में अघुलनशील खाद को घुलनशील बना कर पौधे की जड़ो तक भोजन पहुंचाती है और साथ ही रासायनिक खाद की कमी की स्थिति में दानेदार खाद के स्थान पर तरल रूप में नैनो यूरिया नैनो डीएपी उर्वरकों का उपयोग करने किसानों को सलाह दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में सरपंच हिंसाराम भुरकुईया, किसान मित्र ललतू राम उइके, आत्मा बेसरा सामरथ दर्रो, रविन्द्र उइके, सत्यनारायण, अमिला, हीराराम उइके, बसंत भुवार्य इत्यादि की उपस्थिति रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज